जम्मु कश्मीर में बिजली मुलाज़िमों का संघर्ष जारी

पिछले 2 महीनों से जम्मू कश्मीर में पॉवर डव्लपमेंट डिपार्टमेंट को अनबंडलिंग किया गया है। और अनबंडलिंग के खिलाफ पॉवर एम्पलॉईज़ कॉर्डिनेशन कमिटी बनी है। जिसमें सारी यूनियनों की कॉर्डिनेशन कमिटी बनी है। लगातार 2 महीने से राज्य सरकार और केन्द्र सरकार के खिलाफ संघर्ष में है। वह हर एक ज़िला में डेमोंस्ट्रेशन हुई है। 17 सितम्बर श्रीनगर में चीफ इंजीनियर मेन्टेनेन्स एण्ड आर ई ऑफिस के बाहर एक बहुत बड़ी डेमोंस्ट्रेशन हुई और 19 सितम्बर को जिला गुड़गाव के पॉवरग्रिड स्टेशन में डेमोंस्ट्रेशन हुई। 24 सितम्बर में जिला अनंतनाग में मेन्टेनेन्स एण्ड आर ई के बाहर डेमोंस्ट्रेशन हुई। और 25 सितम्बर को जिला बारामोला एस ई ऑफिस के सामने डेमोंस्ट्रेशन हुई और 27 सितम्बर तमाम जिलाओं से आये हुए मुलाज़िमों और डेली वेज़रों ने बिमना पॉवर कॉमप्लेक्स में हजारों मुलाज़िमों ने रैली करी। और 1 नवम्बर में सारे जिलों में डेमोंस्ट्रेशन की। और 4 नवम्बर में चीफ मेन्टेनेन्स एण्ड आर ई के सामने मेमोरेंडम रखी थी लेकिन सरकार ने अपने हत्कण्डे अपनाते हुए सारी पारामिलिट्री फोर्स को भेज दिया और डेमोंस्ट्रेशन की जगह पर कंटीली तारे बिछा दी और वहां डेमोंस्ट्रेशन नही करने दिया लेकिन फिर भी सभी मुलाज़िमों ने मिलकर प्रेस कॉलोनी, श्रीनगर में जमा होकर डेमोंस्ट्रेशन करके दफा 144 को तोड़ा। इतनी डेमोंस्ट्रेशन के बाद भी सरकार ने कॉर्डिनेशन कमिटी की बैठक नही बुलाई ना ही बातचीत की। और इसी संघर्ष के साथ जम्मू कश्मीर के बिजली मुलाज़िमों की हड़ताल जारी है।

अब्दुल रशीद नज़ार